द्वितीय आवधिक परीक्षा (अप्रैल, 2023)

विषय - हिंदी (302)

समय-90 मिनट कक्षा - बारहवीं **पूर्णांक- 40**

सामान्य निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नों को क्रमानुसार करें।
3. सुंदर लेख में लिखें।

खंड -क (अपठित बोध)

प्रश्न **1**:-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **(1x5=5 अंक)**

ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं की बरफ़ीली चोटियों के स्पर्श से शीतल हुई हवा सबसे बेखबर अपनी ही मस्ती में सुबह-सुबह बहती जा रही थी। जब वह जंगलों के बीच से गुजर रही थी, तो फूलों से लदी खूबसूरत वन लता ने अपने रंग भरे श्रृंगार को झलकाते हुए कहा, ओ शीतल हवा! तनिक मेरे पास आओ और रुको। ताकि मेरी खुशबू से ओत-प्रोत होकर इस संसार को शीतल ही नहीं, सुगंधित भी कर सको लेकिन गर्व से भरी वायु ने सुगंध बाँटने को आतुर लता की प्रार्थना नहीं सुनी और कहा, मैं यूँ ही सबको शीतल कर दूँगी, मुझे किसी से कुछ और लेने की ज़रूरत नहीं है। फिर वह इठलाती हुई आगे बढ़ गई।पर कुछ ही देर बाद हवा वापस वहीं लौटकर आ गई, जहाँ वन लता से उसका वार्तालाप हुआ था। उसकी चंचलता खत्म हो चुकी थी और वह उदास थी। वह चुपचाप उस लता के समीप बैठ गई।हवा को इस हाल में देखकर वन लता ने पूछा, अभी कुछ देर पहले ही तो तुम यहाँ से गुज़री थी और खुश लग रही थी। अब इतनी उदास दिखाई पड़ रही हो, क्या बात

GISSS PT1 2023

है? क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद कर सकती हूँ? यह सुनकर हवा की आँखों से आँसू झरने लगे। उसने कहा, मैंने अहंकारवश तेरी बात नहीं सुनी और न तेरी खुशबू को ही साथ लिया, लेकिन जैसे ही आगे बढ़ी, गंदगी और बदबू में घिर गई। किसी तरह वहाँ से बचकर आगे बढ़ी और घरों तक पहुँची, लेकिन वहाँ किसी ने मेरा स्वागत नहीं किया। लोगों ने अपने घरों की खिड़कियाँ और दरवाजे बंद कर लिए। इसमें उनका भी कोई दोष नहीं था।उस गंदे क्षेत्र से गुजरने के कारण मुझमें दुर्गंध व्याप्त हो गई थी। भला दुर्गंधयुक्त वायु का कोई कैसे स्वागत करता?

(क) हवा को अपनी शीतलता पर घमंड क्यों था?

(ख) हवा क्या करने के लिए आतुर थी?

(ग]) हवा को किसने रोका और क्यों?

(घ) हवा की क्या प्रतिक्रिया थी?

(ड.) गंदगी और बदबू का हवा पर क्या असर पड़ा?

प्रश्न **2:-**निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**:-**

(1x5=5 अंक)

एक सुनहली किरण उसे भी दे दो
भटक रहा जो अँधियाली के वन में
लेकिन जिसके मन में
अभी शेष है चलने की अभिलाषा
एक सुनहली किरण उसे भी दे दो।
मौन, कर्म में निरत,
बद्ध पिंजर में व्याकुल,
भूल गया जो दुख जतलाने वाली भाषा
उसको भी वाणी के कुछ क्षण दे दो।
तुम जो सजा रहे हो

GISSS PT1 2023

ऊँची फुनगी पर के ऊर्ध्वमुखी
नव-पल्लव पर आभा की किरणें
तुम जो जगा रहे हो
दल के दल कमलों की आँखों के
सब सोये सपने,
तुम जो बिखराते हो भू पर
राशि-राशि सोना
पथ को उद्भासित करने एक किरण से
उसका भी माथा आलोकित कर दो।
एक स्वप्न उसके भी सोये मन में जागृत कर दो।
एक सुनहली किरण उसे भी दे दो।
भटक गया जो अंधियारे के वन में।

(क) कवि एक सुनहरी किरण किसे देने की बात कर रहा है?

(ख) कवि वाणी के क्षण किसे देने की बात कर रहा है?

(ग]) कवि किसके सोये मन में स्वप्न जागृत करने को कह रहा है?

(घ) पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ड.) 'एक सुनहरी किरण' से क्या तात्पर्य है?

खंड -ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3:- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (संचार माध्यम) **(1x5=5 अंक)**

(क) हिन्दी में नेट पत्रकारिता किसके साथ आरंभ हुई?

(ख) क्रिकेट मैच का प्रसारण किस प्रकार का है?

(ग]) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का दूसरा दौर कब आरंभ हुआ?

(घ) समाचार पत्र प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए आखिरी समय सीमा को क्या कहा जाता है?

GISSS PT1 2023

(ड.) बीट किसे कहते हैं?

प्रश्न 4:- रेडियो समाचार की संरचना पर प्रकाश डालिए । **(3अंक)**

प्रश्न 5:-रेडियो समाचार - लेखन की किन्हीं दो बुनियादी बातों पर प्रकाश डालिए। **(2अंक)**

प्रश्न 6: राजनीति में छात्र - प्रवेश उचित या अनुचित विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए। **(5अंक)**

GISSS PT1 2023

खंड -ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 7:- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए**:-** गद्य- खंड **(3x3=9अंक)**

(क) भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी? भक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया?

(ख) भक्तिन की आ जाने से महादेवी वर्मा अधिक देहाती कैसे हो गई ?'भक्तिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग]) बाजार की जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या असर पड़ता है ?'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 8:-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**:-** पद्य -खंड **(2x3=6** अंक**)**

(क) जहाँ पर दाना रहते हैं , वहीं पर नादान भी होते हैं- 'आत्म परिचय' कविता में कवि ने ऐसा क्यों कहा होगा?

(ख) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे? 'एक गीत' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग]) पतंगों के साथ-साथ में भी उड़ रहे हैं -बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है? 'पतंग' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।